दंग रह जाना – बहुत हैरान होना।

6. दंग रह जाना

विदेशी पर्यटक कुतुबमीनार की ऊँचाई देखकर दंग रह गए।

7. नमक-मिर्च लगाना – किसी बात को बढ़ा-चढ़ाकर कहना।

सलौनी को नमक-मिर्च लगाकर बात करने की आदत है।

8. पहाड़ टूट पड़ना – बहुत मुसीबत आ जाना।

भूंकप आने की वजह से कई लोगों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

9. फूला न समाना – अत्यंत प्रसन्न होना।

कई वर्षों बाद अपने मित्र को सामने देखकर वह फूला न समाया।

10. बाल-बाल बचना – बहुत कठिनाई से बचना।

सड़क दुर्घटना में पिता जी बाल-बाल बच गए।

11. मुँह में पानी भर आना – मन ललचाना।

सामने रखी मिठाई को देखकर रितु का मन ललचा गया।

12. रंग में भंग पड़ना – खुशी में बाधा पड़ना

अत्यधिक बारिश होने के कारण विवाह समारोह में रंग में भंग पड़ गया।

13. घाव पर नमक छिड़कना – दुखी व्यक्ति को और दुखी करना।

मेघा ठीक से चल नहीं पाती, लेकिन तुम उसे चिढ़ाकर उसके घाव पर नमक मत छिड़को।

14. छक्के छुड़ाना – बुरी तरह हरा देना।

भारतीय फौज़ ने दुश्मन सेना के छक्के छुड़ा दिए।

अभ्यास-कार्य

बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs)

1. **सही विकल्प पर (✔) का चिह्न लगाइए-**

(क) 'खाक छानना' मुहावरे का अर्थ है-

दर-दर भटकना ◯ चुगली करना

(ख) 'फूला न समाना' मुहावरे का अर्थ है-

बहुत कठिनाई से बचना ◯ अत्यंत प्रसन्न होना

(ख) दंग रह जाना ______

(ग) बाल–बाल बचना ______

3. दिए गए मुहावरों की सहायता से वाक्य पूरे कीजिए-

मुँह में पानी आना   आँखों का तारा   आसमान सिर पर उठाना

(क) कक्षा में अध्यापिका के न होने पर बच्चों ने ______ लिया।

(ख) गोलगप्पे देखते ही रेनू के ______ ।

(ग) राहुल अपनी माँ की ______ है।

लिखित प्रश्न

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

(क) मुहावरा किसे कहते हैं? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

(ख) शरीर के अंगों पर आधारित दो मुहावरे लिखिए।

रचनात्मक कौशल

5. दिए गए चित्रों को देखकर इनसे संबंधित मुहावरा लिखिए-

______

______

______